बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-205
26/06/2019

पूर्णिया, शिवहर, बेगूसराय, जमुई एवं गया में वज्रपात से हुई लोगों की मृत्यु पर मुख्यमंत्री ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की, मृतकों के आश्रितों को चार–चार लाख रूपये अनुग्रह अनुदान देने का दिया निर्देश

पटना 26 जून 2019 :– आपदा प्रबंधन विभाग से प्राप्त सूचनानुसार आज दिनांक 26 जून 2019 को वज्रपात से पूर्णिया में 3, शिवहर में 1, बेगूसराय में 3, जमुई में 2 और गया में 1 व्यक्ति की हुयी मृत्यु पर मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा की इस घड़ी में वे प्रभावित परिवारों के साथ हैं। मुख्यमंत्री ने तत्काल मृतकों के आश्रितों को आपदा राहत कोष से चार–चार लाख रूपये अनुग्रह अनुदान देने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने आज वज्रपात से घायल हुये छह लोगों को अनुमान्य अनुदान उपलब्ध कराने एवं उनके समुचित इलाज के प्रबंध करने के निर्देश दिये है। साथ ही उनके शीघ्र स्वस्थ होने की भी ईश्वर से कामना की है।

******